हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 12 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 21.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री


12 मोवा ब्रिज पर घटिया डामरीकरण पीडब्ल्यूडी...





14 सीएमओ ने साफ-सफाई का निरीक्षण कर दिए निर्देश




## खबर संक्षेप



### देवरबीजा में बच्चों को कराया गया न्यौता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय आदर्श प्राथमिक शाला व सुमन कन्या माध्यमिक शाला देवरबीजा में स्वर्गीय रामकुमार तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षक की तेरहवीं कार्यक्रम में उनके पुत्रों अरुण कुमार तिवारी और अरविंद कुमार तिवारी द्वारा दोनों स्कूलों में पूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया गया। बच्चों को दाल भात, पूड़ी सब्जी,खीर लड्डू ,फल खिलाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक पी के वर्मा,नोहर देवांगन, संकुल समन्वयक भगवान सिंह राजपूत,शिक्षक, शिक्षिका शैल देवांगन,दामिनी राजपूत, नीतू साहू, सुनीता भुआर्य आदि उपस्थित रहे।

### विवेकानंद मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी आज

**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद मेला व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन नवीन विद्यालय भवन में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजू बघेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा, अध्यक्षता मंजूलता रात्रे अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़, विशेष अतिथि आशाराम ध्रुव, सौरभ ताम्रकार, नवनीत सिंह खुराना,नीलेश जायसवाल उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए विद्यालय प्रमुख वीरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के इस अवसर पर विवेकानंद विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, नृत्य, युवा संगोष्ठी एवं व्यापारिक स्टॉल के साथ-साथ अभिभावकों के लिए विविध खेलो का आयोजन किया है। साथ ही विद्यालय के मेधावी होनहार छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंन आयोजन में अधिक से अधिक उपस्तिथित की अपील की है।

### विधायक ने केन्द्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार



**दुर्ग।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को प्रदेश में 3.03 लाख पीएम आवास बनाने की स्वीकृति पत्र प्रदान किये। दुर्ग जिले के नगपुरा में आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए और मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन में संवर रहे छत्तीसगढ़ पर सम्बोधित किये। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की प्रदेश के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए यह दिन वाकई ऐतिहासिक रहा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने न केवल इन आवासों के स्वीकृति पत्र सौंपे, बल्कि आगामी वित्तीय वर्ष में इतने ही और मकानों की स्वीकृति की घोषणा कर गरीबों के जीवन में खुशहाली का संकल्प दोहराया। यह पहल प्रदेश के विकास और गरीबों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस अनुपम कार्य के लिए प्रदेशवासियों की ओर से उन्होंने हार्दिक आभार जताया।

**चुनाव :** नगरीय निकाय में अध्यक्ष पद के दावेदारों की लगी होड़

# बेमेतरा पालिका सहित 9 नगर पंचायतों में चढ़ा सियासी पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ चुनाव लड़ने वालों अपने-अपने स्तर पर नेताओं से संपर्क में जुटे

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए अध्यक्ष पद का आरक्षण घोषित होते ही दावेदारों में आपसी होड़ मच गई है। जिसमे टिकट की बेसब्री से इंतज़ार में बैठे सम्भावित उम्मीदवार सुगबुगाहट में अब अपने अपने स्तर पर आमजनों के साथ साथ नेताओं के बीच दावेदारी अभियान में तेजी से करते देखे जा रहे है। हालांकि ज़िले में इस बार एक नगर पालिका के अलावा 6 नगर पंचायत की जगह 9 नगर पंचायत हो जाने से सभी जगह सियासी पारा भी काफी चढ़ गया है। जिसमे ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने दाढ़ी, भिम्भौरी एवं कुसमी पहली बार नगरीय निर्वाचन के लिए तैयार है। मारो नगर पंचायत को छोड़कर इसी सियासी सिलसिले में बेमेतरा मुख्यालय की नगर पालिका के साथ अन्य 8 नगर पंचायत में प्रबल दावेदारी के लिए दौड़ जारी है।

**नगर पालिका बेमेतरा ओबीसी मुक्त-** ज़िला मुख्यालय स्थित हाईप्रोफाइल सीट बेमेतरा नगर पालिका की तो यहां अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण में पिछड़ा वर्ग मुक्त आरक्षित हुआ है जिसमें पुरुष ओर महिला दोनों दावेदारी कर सकते हैं। यहाँ भाजपा की ओर से भूतपूर्व अध्यक्ष-विजय सिन्हा, निवर्तमान उपाध्यक्ष-पंचू साहू, शहर मण्डल अध्यक्ष-मोतीलाल साहू, पूर्व पार्षद शिव साहू व आर एस एस पृष्ठभूमि से प्रणीश रजक एवं गिरिश गबेल ,दीनानाथ साहू प्रमुख नाम है तो वही कांग्रेस पार्टी की ओर से शहर अध्यक्ष-सुमन गोस्वामी, निवर्तमान अध्यक्ष- शकुंतला मंगत साहू, शत्रुघ्न साहू,ललित विश्वकर्मा एवं युवा पार्षद राजू साहू का नाम ऊपर चल रहा है। इसके अलावा दोनों पार्टी के साथ निर्दलीय के रुप में अध्यक्ष प्रत्याशी चुनाव में अपनी हाथ आजमाने को तैयार है।

**नगर पंचायत नवागढ़-एससी मुक्त-** नवागढ़ नगर पंचायत में अनुसूचित जाति आरक्षण होने से भाजपा की तरफ से हेमू महिलांगे, निवर्तमान अध्यक्ष-मंजुलता रात्रे, नैना कुर्रे का नाम चल रहा है तो कांग्रेस से फिलहाल भूतपूर्व अध्यक्ष तिलक घोष का नाम आगे है। लेकिन कांग्रेस इस बार किसी युवा चेहरे पर दांव लगा सकती है।

**नगर पँचायत थानखम्हरिया-सामान्य महिला** -थानखम्हरिया नगर पंचायत में फिलहाल सामान्य महिला आरक्षण के दृष्टिकोण से देखने पर भाजपा की तरफ से लीना-चेतन सिन्हा, अंजना-राजेश ठाकुर, एकता-राजेश सिंघानिया व निधि-विजय शर्मा तो वही कांग्रेस में निवर्तमान पार्षद सोनिया-सतीश जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष-तितली बिन्दल, नेहा-हुकुम सिन्हा व दिव्या विरेन्द्र सिन्हा के साथ भूतपूर्व अध्यक्ष मुन्नी बाई मनहरण सिन्हा का नाम जोरो पर है।

**नगर पंचायत बेरला एससी मुक्त-** बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अहम नगर पंचायत बेरला में फिलहाल पूर्व की तरह अनुसूचित जाति मुक्त हुआ है। जिससे बीजेपी की ओर से निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष-मानक चतुर्वेदी, कनक देशलहरा, दाऊलाल कुर्रे, विशाल देशलहरा है, जबकि कांग्रेस से भूतपूर्व अध्यक्ष सविता हिरवानी, निवर्तमान अध्यक्ष-रासबिहारी कुर्रे, मोहन हिरवानी व नारायण डगरे सक्रियता से मैदान में नज़र आ रहे है।

**नगर पँचायत साजा-सामान्य मुक्त-** साजा नगर पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त होने से यहां बीजेपी से नारद साहू, युवा नेता-हिमांशु वर्मा, विसरू राम साहू, अरुण वर्मा, राधे वर्मा तो वही कांग्रेस से युवा नेता डेनिश यादव, निवर्तमान अध्यक्ष-मनोज जायसवाल, दिनेश साहू अध्यक्ष की रेस में है।

**नगर पंचायत देवकर-ओबीसी महिला-** देवकर नगर पंचायत में आरक्षण सामान्य मुक्त होने से भाजपा से निवर्तमान उपाध्यक्ष-अजय अग्रवाल, मनोज शर्मा, रविशंकर सोनी, बुधारू साहू, गोल्डी साहू तो कांग्रेस की ओर से नगर अध्यक्ष-अभिलाष श्रीवास्तव, भूतपूर्व अध्यक्ष- पन्नालाल जैन, विरेन्द्र गुप्ता, भूतपूर्व अध्यक्ष-राधे देवांगन, दिनेश साहू, राधे ढीमर चर्चे में बने हुए है।


**नगर पंचायत परपोड़ी-सामान्य मुक्त-** परपोड़ी नगर पंचायत में आरक्षण सामान्य मुक्त होने से भाजपा से चन्द्रप्रकाश शर्मा, राजेश दुबे, वरिष्ठ नेता-सतीश जैन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष-राजेश ठाकुर तो कांग्रेस की तरफ से विजय दुबे, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि-गुड्डू जायसवाल, निवर्तमान उपाध्यक्ष-केशव साहू का नाम टिकट की दौड़ में बना हुआ है।

**नगर पंचायत कुसमी-सामान्य मुक्त-** पहली बार नवीन नगर पंचायत कुसमी में चुनाव होना है यह नगर पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण सामान्य मुक्त हो जाने से भाजपा की तरफ से 10 वर्षो से राजनीति में निरन्तर सक्रिय सन्तोष साव, चन्द्रप्रकाश साहू, पद्मणि साहू, पंकज साहू तो कांग्रेस पार्टी की तरफ से राधे देवांगन, कमल किशोर साहू, पूर्व सरपंच-सन्तोष साहू व यशवंत साहू अग्रणी चल रहे है।

**नगर पंचायत भिम्भौरी-सामान्य मुक्त-** नवीन नगर पंचायत भिम्भौरी के अध्यक्ष पद का आरक्षण सामान्य मुक्त है यहां पर बीजेपी से पूर्व उपसरपंच- ओमप्रकाश साहू, ग्राम सभा प्रमुख-अमर साहू व देव साहू तो कांग्रेस की ओर से चन्द्र विजय धीवर, राजेन्द्र वर्मा एवं पूर्व सरपंच पति खींवराज धीवर सशक्त प्रत्याशी नज़र आ रहे है।

**नगर पंचायत दाढ़ी-ओबीसी महिला-** नवीन नगर पंचायत दाढ़ी में पिछड़ा वर्ग महिला आने से भाजपा की ओर से भारती साहू, मंजू साहू, ऊषा भगत कुम्भकार तो कांग्रेस में अभी नाम के लिए विचारधीन है। जबकि पूर्व सरपँच का इस चुनाव में कोई रुचि नही है।

**नगर पंचायत मारो-एससी महिला-** हालाँकि इन सबके बीच नगर पँचायत मारो का चुनाव अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति महिला की घोषणा की गई है लेकिन कार्यकाल समाप्त नही होने के कारण आगामी दो वर्ष पश्चात चुनाव संपन्न होगा।



### नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए ईव्हीएम मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच 12 को

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्देशा पर नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत जिले में उपलब्ध ईव्हीएम मशीनों (460 बी.यू. एवं 230 सी.यू.) का इलेक्ट्रॉनिक कारपोरेशन ऑफ इंडिया ( ECIL ) के इंजीनियरों के द्वारा प्रथम स्तरीय जांच कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा स्थित ईव्हीएम गोदाम में 12 जनवरी को प्रातः 10.00 बजे से किया जायेगा। ईवीएमए की प्रथम स्तरीय जांच की कार्यवाही कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा स्थित ईव्हीएम गोदाम में राजनीतिक प्रतिनिधि के समक्ष की जाएगी ।

# रचनात्मक लेखन पर जोन स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बीआरसी भवन बेमेतरा के कार्यशाला में सिंघौरी, मटका, बेमेतरा, झाल और नरी के भाषा शिक्षक हुए शामिल



विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पांच जोन का हिंदी भाषा पर आधारित रचनात्मक लेखन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन में मास्टर ट्रेनर के रूप में नुतेश्वर चंद्राकर, निर्मला सिंह एंव पवन कुमार अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर चंद्राकर द्वारा अभिवादन एंव शिक्षक साथियों के साथ मिलकर माँ सरस्वती की तैलचित्र की पूजा अर्चना एंव वंदना गीत का जगायन कर किया गया। निर्मला सिंह द्वारा प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु बच्चों में कैसे रचनात्मक लेखन का विकास करें, इसमें आने वाली चुनौती या समस्या एवं निराकरण कैसे करें, इस पर ध्यान दिया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित सभी शिक्षकों को पांच समूह में विभाजित कर कहानी, कविता, गीत,पत्र एंव रिपोर्ट पर आधारित गतिविधि भी कराया गया।शिक्षक साथी के द्वारा गतिविधियों के दौरान अपने अपने अनुभव एंव स्वरचित कहानी कविता का वाचन भी गया। इसी बीच मॉस्टर ट्रेनर नुतेश्वर चंद्राकर भी अपने स्वरचित कविता परंपरा नन्दावत हे का सस्वर वाचन कर प्रशिक्षण स्थल में खुशी का माहौल पैदा कर दिया। निर्मला सिंह के द्वारा सभी बिंदुओं पर सविस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बीच बीच मे शिक्षक साथियों से भी अनुभव साझा कराया गया।पवन कुमार के द्वारा लर्निंग आउट कम पर प्रमुखता से बातें रखी गयी।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान धनीराम बंजारे, नीलेश सोनी,सुखनंदन अंनत, पूनम साहू,डोमेन्द्र पांडेय,नीलकंठ सियारे सहित सभी ज़ोन के संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

### तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक्टिवा सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में ट्रेलर चालक फरार हो गया है। कुम्हारी टीआई जनकराम कुर्रे ने बताया कि एकता चौक कैलाश नगर भिलाई निवासी ओमकार प्रसाद हिरवानी 33 वर्ष अपनी एक्टिवा सीजी 7 बीयू 6838 से रायपुर इंटरव्यू के लिए गया हुआ था। इस दौरान घर वापस लौटते समय साईं मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर सीजी 7 सीजी 0970 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को ठोकर मारकर मार दिया। हादसे में ओमकार के सिर पर ट्रेलर का चक्का चढ़ गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि ट्रेलर की ठोकर से एक्टिवा सवार ओमकार सड़क पर ट्रेलर के भीतर में घूस गया। जिससे उसका सिर चक्के में आ गया था। ओमकार विवाहित है इसकी शादी वर्ष 2019 को हुई थी।

# भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर राखी स्कूल में विविध आयोजन

**संविधान निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बच्चों को मोबाइल से होने वाले अपराध के प्रति सचेत किया गया



शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला राखी विकासखण्ड साजा में भारतीय संविधान की 75 वीं वर्ष गांठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में देवकर नगर के प्रतिष्ठित, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी दिनेश साहू को आमंत्रित किये थे। जिनका स्वागत दोनों संस्था की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी और दीपा मृचंडे द्वारा बच्चों के द्वारा बनाये बुके से किया गया। उसके बाद संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के तैल चित्र का गुलाल और पुष्प से पूजन किया गया। दिनेश साहू वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नोटरी के द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के निर्माण और उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद भी दिये। बच्चों को मोबाइल से होने वाली क्राइम हेतु भी जागरूक किये। साथ ही बच्चों सुधा, निशा और सुनील कक्षा 8 वीं के द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से निबंध लेखन कर उसका वाचन किया गया जो सराहनीय रहा। अंत में शाला की प्रधान पाठिका गायत्री जोगी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में संस्था के सभी शिक्षिकाओं की सहभागिता रही।

# आत्मानंद के विद्यार्थियों ने किया अस्पताल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कराकर दी गई जानकारी



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम बेमेतरा की हेल्थ केयर की कक्षा 9 वीं से 12वीं छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए ए. के . मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बेमेतरा ले जाया गया। प्राचार्य कविता बाजपेई के नेतृत्व मे मांडवी साहू,विद्यावती कोल्हे, नीता गायकवाड़ के सहयोग से चिकित्सालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। डॉक्टर तथा स्टाफ के द्वारा छात्राओं की जिज्ञासा का समाधान किया। छात्राओं ने इस भ्रमण को अत्यंत लाभदायक बताया। अस्पताल के संचालक डॉ.प्रवीण साहू,और डॉ तुमेश कुमार साहू द्वारा छात्राओं को अस्पताल से संबंधित जानकारी दी जैसे कि अस्पताल के विभाग,आई.सी.यू,एन.आई. सी.यू,आटोक्लेव मशीन,ऑपरेशनथियेटर, सक्शन मशीन,एक्स रे ,आदि के संचालन और विभिन्न गतिविधियों को विस्तार से बताया गए जिससे छात्राओं को बहुत लाभ हुआ। संस्था के सभी व्याख्याताओं ने इस भ्रमण के लिए अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को बधाई दिया।

# गुरुकुल में 23 को मनाया जाएगा टैलेंट डे

**नवागढ़।** गुरुकुल विद्यालय नवागढ़ में 23 जनवरी को नियमित ध्वजारोहण की 9वीं वर्षगांठ, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पराक्रम दिवस और विद्यालय की 18वे वार्षिक उत्सव को टैलेंट डे के रूप में मानने का निर्णय लिया गया है। जिसमें छात्र,अभिभावक और अन्य कोई भी अपनी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इससे क्षेत्र के सभी बच्चों, अभिभावकों एवम् अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को मंच के माध्यम से जानने का अवसर मिलेगा।संचालक राजेश दीवान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य है कि हम सब अपने क्षेत्र के ऐसे प्रतिभा से परिचित हो जिनको मंच नहीं मिलता और कोई विशेष क्षेत्र में उनकी प्रतिभा देखने और जानने योग्य हो। ऐसे प्रतिभा को मंच और सम्मान देने का एक प्रयास है।जो भी छात्र, अभिभावक और अन्य जो भी इसमें भाग लेना चाहते हैं या आपके आस पास ऐसा कोई भी प्रतिभाशाली हो तो कृपया सूचित करने का प्रयास कर, ऐसे प्रतिभा को मंच प्रदान करने का अवसर प्रदान करें। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को विशेष पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रदर्शन व्यक्तिगत ही होगा। नाम भेजने की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411


**बिना परिजन के युवाओं का सम्मेलन में प्रवेश होगा वर्जित**

# शहर के सतनाम भवन में होगा आयोजित परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सतनामी समाज के युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन 19 जनवरी को, पंजीयन जारी

सतनामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के द्वारा बीते वर्ष से समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन करते आ रहे है जिसकी तैयारी किया जा रहा है। जहां पंजीयन के लिए प्रतिभागी को दो पासपोर्ट साइज का फोटो आधार कार्ड व मार्कशीट का फोटो कॉपी लाना अनिवार्य है। परिचय सम्मेलन स्थल पर बिना परिजन के प्रवेश वर्जित रहेगा। यह आयोजन 19 जनवरी को होगा । योग युवक-युवती ही परिचय सम्मेलन मे भाग ले सकते है। शिक्षक एवं समाज के आयोजनकर्ता सदस्य खेम सिंह बारले ने बताया कि जिसकी तैयारी को लेकर सतनामी समाज कल्याण विकास समिति के सदस्य जिले के ग्रामीण क्षेत्र सहित प्रदेशभर में लगातार जनसंपर्क कर समाज के लोगों को जागरुक कर परिचय सम्मेलन के महत्व को बता रहे हैं। जहां सम्मेलन के माध्यम से समाज के युवक युवतियों और परिजनों को अपने स्वेच्छा के अनुरूप योग्यता अनुसार जीवनसाथी का चयन करने सहायता मिलता है।



### समय व धन की बर्बादी से बच सकेंगे

परिचय सम्मेलन के कारण समय और धन की बर्बादी से बचा जा सकता है। इसके अलावा आयोजन की तैयारी में समिति के पदाधिकारी और सदस्य गण जूटे हुए है। परिचय सम्मेलन में प्रतिभागी को आनलाइन व आफलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पंजीयन के लिए खेमसिंह बारले, मूलचंद बंजारे व खिलावन जांगड़े सहित समिति से सम्पर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सुबोध सिंह ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह को प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उनके कार्यभार ग्रहण करने से डॉ. रोहित यादव से इसी विभाग का अतिरिक्त प्रभार वापस लिया गया है। उनके पास पॉवर वितरण कंपनी और पॉवर उत्पादन कंपनी के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार यथावत रहेगा। वे ऊर्जा विभाग के सचिव भी हैं। डा. यादव 14 जनवरी से 24 मार्च 2025 तक 70 दिनों के अवकाश पर रहेंगे। उनके अवकाश पर रहने पर उनके विभागों का प्रभार सुबोध सिंह के पास रहेगा।

### धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक श्याम धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार दिया गया है। बताया गया है कि मौजूदा आयुक्त आर शंगीता मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए 6 जनवरी से 31 जनवरी तक राज्य से बाहर रहेंगी। इस अवधि के लिए श्री धावड़े को आबकारी आयुक्त का प्रभार दिया गया है। इस अवधि में श्री धावड़े के पास उनका मौजूदा प्रभार ब्रेवरेज कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक का दायित्व भी पूर्ववत संभालते रहेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

### सीएस जैन अवकाश पर, रेणु को प्रभार

**रायपुर।** राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन 14 से 21 जनवरी तक अवकाश पर रहेंगे। इस दौरान एसीएस रेणु पिल्ले सीएस के प्रभार में रहेंगी। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रभारी सीएस होने के साथ साथ रेणु पिल्ले अपने विभाग का कामकाज भी पूर्ववत संभालती रहेंगी।

### रूपनारायण योग आयोग के अध्यक्ष

**रायपुर।** रायपुर एवं बस्तर के पूर्व संभागीय संगठन मंत्री रूपनारायण सिन्हा को प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसी के साथ राकेश दुबे को सदस्य नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्विट करके नियुक्ति की जानकारी देते हुए बधाई भी दी है।

### बैज बोले- भाजपा सरकार बनने के बाद गो तस्करी और गो मांस की हो रही बिक्री



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार के संरक्षण में गो हत्या हो रही है, गायों की तस्करी हो रही है, गो मांस की बेधड़क बिक्री हो रही है और आरएसएस के अनुसांगिक संगठन प्रदर्शन का दिखावा कर राजनीतिक पाखंड कर रहे हैं। साय सरकार की नाकामी से ध्यान भटकाने के लिए बजरंगी सड़कों पर उन्माद फैला रहे हैं, अराजकता फैला रहे हैं। आरएसएस और उनके अनुषांगिक संगठनों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार से जवाब मांगना चाहिए, गृह मंत्री से इस्तीफा मांगना चाहिए। प्रदेश एवं देश में भाजपा की सरकार है।

### चार गांजा तस्करों को 15-15 साल की कैद, छह लाख जुर्माना

**रायपुर।** गांजा तस्करी करने के आरोप में कोर्ट ने आंध्र प्रदेश से गांजा तस्करी कर ला रहे चार तस्करों को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट ने तस्करों को 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियेजक विनोद भगत के मुताबिक कोर्ट ने एमडी मल्लेश्वरम राव, अतबुढ़ी बोसू, सेना दे भुजंग राव, मधुकर गोरे तथा एक अन्य फरार आरोपी प्रदीप आदिनाथ फुटके को कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। डीआरआई ने मुखबिर की सूचना पर तीन जनवरी 2021 को अभनपुर के पास आंध्र प्रदेश के ट्रक को नाकेबंद कर रोका। ट्रक की जांच करने पर बोरे में भरे गांजा के 720 पैकेट बरमाद किए गए।

# सरकार ने खोला सरकारी नौकरियों का पिटारा, व्यापमं परीक्षाओं का कैलेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए शासकीय सेवा का पिटारा खोल दिया है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एवं प्रवेश परीक्षाओं के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) ने 2025 के लिए कैलेंडर जारी कर दिया है। व्यापम द्वारा जारी किए गए वार्षिक कैलेंडर में 32 से अधिक परीक्षाओं की संभावित तिथियां दी गई हैं, जिसमें उप अभियंता, सहायक सांख्यिकी अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, एडीईओ से लेकर पुलिस कांस्टेबल, स्टॉफ नर्स, वार्ड ब्वॉय तक के पद शामिल हैं। ये परीक्षाएं 9 मार्च 2025 से शुरू होकर 21 दिसम्बर 2025 तक चलेंगी।

## 32 से अधिक परीक्षाएं लेगा व्यापम, कई विभागों के लिए होंगी भर्तियां

### लोक निर्माण, आबकारी, उच्चशिक्षा में अवसर




लोक निर्माण विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत,यांत्रिकी) पदों के लिए परीक्षा तिथि 13 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इसी प्रकार जल संसाधन विभाग में उप अभियंता (सिविल) एवं उप अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) पद के लिए परीक्षा 20 जुलाई, आयुक्त आबकारी में आबकारी आरक्षक पद के लिए 27 जुलाई, उच्च शिक्षा संचालनालय में प्रयोगशाला परिचारक पद के लिए परीक्षा 03 अगस्त, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में डार्करूम असिस्टेंट, पेस्टिंग बॉय, ऑग्जीलरी, इंकमैन/इंकर, जूनियर बाईडर, हमाल, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, भृत्य, हेल्पर (समूह-6) पदों के लिए परीक्षा 31 अगस्त तथा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) एवं 06 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कंसट्रक्शन, मेंटनेंस), उप प्रबंधक (उपयंत्री), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक-(2), (आईटी, प्रोग्रामर), कनिष्ठ संवर्ग (आईटी विशेषज्ञ), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) पदों की परीक्षा तिथि 7 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है।

### पुलिस, स्वास्थ्य, जलसंसाधन के पद

इसी तरह गृह पुलिस विभाग अंतर्गत आरक्षक संवर्ग 14 सितम्बर, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टाफ नर्स 21 सितम्बर एवं वार्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया 12 अक्टूबर और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला 09 नवम्बर 2025 को परीक्षाएं आयोजित होगी। मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग के विभिन्न पदो पर 30 नवम्बर, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन 07 दिसम्बर, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर अंतर्गत अनुवादक 14 दिसम्बर और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत केमिस्ट पदों के लिए 21 दिसम्बर को संभावित परीक्षा तिथि जारी की गई है।

### कृषि, पीएचई, नर्सिंग में ये नौकरियां

संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत जिनमें प्रयोगशाला सहायक 09 मार्च 2025 और सहायक सांख्यिकी अधिकारी 13 अप्रेल 2025, संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक 23 मार्च 2025, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत उप अभियंता (सिविल एवं वि/यां.), तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत पी.पी.टी. और प्री.एम.सी.ए. का 01 मई, पी.ई.टी. एवं पी.पी.एच.टी. की परीक्षाएं 08 मई 2025 को होगी। पीएटी-प्रीव्हीपीटी 15 मई, प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड 22 मई, बीएससी नर्सिंग 29 मई, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की परीक्षाएं 05 जून 2025 को। इसी प्रकार सहायक विकास विस्तार अधिकारी 15 जून, नगर सैनिक का 22 जून 2025 को परीक्षा संभावित है।

## चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े का जल्द होगा रायपुर आगमन

# भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा एक ही दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष के साथ ही राज्य के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव होगा। जल्द ही राष्ट्रीय संगठन से बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े का रायपुर आना होगा। उनके आने पर ही यहां एक ही दिन प्रदेशाध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए देशभर में भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होना है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कुछ मंत्रियों, सांसद, विधायक और प्रदेश के वरिष्ठ दिग्गज भाजपा नेताओं को सदस्य बनाया जाएगा। प्रदेश में रायशुमारी कर 17 नाम तय किए जाएंगे, इसके बाद इनका नामांकन भरवाने के बाद इनके नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों को ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में चुनाव होने की स्थिति में जहां मतदान का अधिकार रहता है, वहीं प्रस्तावक और समर्थक भी बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभाएं हैं, ऐसे में इससे डेढ़ गुना 17 सदस्य यहां पर बनेंगे। भाजपा का देश भर में संगठन चुनाव चल रहा है। 15 जनवरी तक सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों के बाद राज्यों के अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव किया जाना है। अब तक छत्तीसगढ़ ही ऐसा पहला राज्य है जहां पर जिलाध्यक्षों के चुनाव हुए हैं, बाकी स्थानों में इसकी प्रक्रिया चल रही है। पड़ोसी राज्य मप्र में भी अब तक जिलाध्यक्षों का चुनाव पूरा नहीं हो सका है।

### एक साथ होगा चुनाव

राष्ट्रीय संगठन द्वारा बनाए गए चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े के आने की तिथि जब दिल्ली से मिलेगी, तो उनके आने पर यहां पर प्रदेशाध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का एक साथ चुनाव होगा।

\- खूबचंद पारख
प्रदेश संगठन चुनाव प्रभारी

## रूपकुमारी रायपुर, धरमलाल बिलासपुर, संतोष दुर्ग विक्रम बस्तर, गोमती सरगुजा की संभागीय संयोजक



प्रदेश भाजपा संगठन ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर एक दिन पहले महामंथन के बाद अब टीम का ऐलान करना प्रारंभ कर दिया है। शुक्रवार को संभागीय चयन समितियों का ऐलान किया गया। इसमें रायपुर संभाग का जिम्मा सांसद रूपकुमारी चौधरी, बिलासपुर का धरमलाल कौशिक, दुर्ग का सांसद संतोष पांडेय, बस्तर का विक्रम उसेंडी और सरगुजा का गोमती साय को दिया गया है। चयन समिति में एक से डेढ़ दर्जन सदस्य भी रखे गए हैं। इसी के साथ प्रदेश की टीम में भूपेंद्र सवन्नी संयोजक, संजय श्रीवास्तव, जगदीश रामू रोहरा, रामजी भारती, महेश गागड़ा, अनुराग सिंह देव, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छगनलाल मूंदड़ा, दीपक म्हस्के, अमित चिमनानी को रखा गया है। रायपुर संभाग की टीम में दिग्गज नेताओं को रखा गया है। इनमें सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अजय चंद्राकर, अनुज शर्मा, रोहित साहू, गुरु खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, भाजपा के महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, शिवरतन शर्मा और प्रफुल्ल विश्कर्मा शामिल हैं।

### दुर्ग संभाग की समिति

सांसद विजय बघेल, मधुसूदन यादव, रामजी भारती, भरतलाल वर्मा, अवधेश चंदेल, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भावना बोहरा, ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, रिकेश सेन, ईश्वर साहू, दीपेश साहू, अभिषेक सिंह को सदस्य बनाया गया है।

### बिलासपुर संभाग की समिति

समिति में देवेंद्र प्रताप सिंह (सांसद राज्यसभा), सांसद राधेश्याम राठिया, कमलेश जांगड़े, विधायक पुन्नूलाल मोहले, अमर अग्रवाल, निर्मल सिन्हा, विकास रंजन महतो, नारायण चंदेल, विधायक धर्मजीत सिंह, प्रेमचंद पटेल, सुशांत शुक्ला, प्रणव कुमार मरपच्ची को सदस्य बनाया गया है।

### सरगुजा संभाग की समिति

सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक रेणुका सिंह, रामप्रताप सिंह, कमलमान सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, परमेश्वरी राजवाड़े, कृष्णकुमार राय, भीमसेन अग्रवाल, भैयालाल राजवाड़े, रायमुनि भगत, उद्धेश्वरी पैकरा, प्रबोध मिंज, भूलन सिंह मरावी, शकुंतला सिंह पोर्ते, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो को सदस्य बनाया गया है।

### बस्तर संभाग की समिति

विधायक लता उसेण्डी, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, दिनेश कश्यप, डॉ. सुभाऊ कश्यप, महेश गागड़ा, श्रीनिवास राव मद्दी, विधायक विनायक गोयल, चैतराम अटामी, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम को सदस्य बनाया गया है।

## भाजपा ने किया नगर पालिकाओं के लिए प्रभारियों का ऐलान

*नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश की नगर पालिकाओं के लिए प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। इसमें गोबरा नवापारा अंजय शुक्ला, तिल्दा संतोष उपाध्याय आरंग चंदूलाल साहू, मंदिर हसौद ओमप्रकाश देवांगन, अभनपुर रंजना साहू, महासमुंद जिले के महासमुंद लक्ष्मी वर्मा, बागबाहरा श्रीचंद सुंदरानी, सरायपाली अवधेश जैन, भाटापारा देवजी भाई पटेल, बलौदाबाजार अशोक पाण्डेय, सिमगा डॉ. विमल चोपडा, गरियाबंद का किशोर महानंद को प्रभारी बनाया गया है। दुर्ग संभाग में अहिवारा सचिन बघेल, कुम्हारी डॉ. सियाराम साहू, अमलेश्वर पूनम चंद्राकर, बालोद रिकेश सेन, दल्लीराजहरा संतोष अग्रवाल, बेमेतरा प्रदीप गांधी, डोंगरगढ़ लामचंद बाफना, कवर्धा लोकेश कावडिया, पंडरिया का गौरीशंकर श्रीवास को प्रभारी बनाया गया है। बिलासपुर संभाग में तखतपुर दुर्गा महेश्वर, रतनपुर डॉ. खिलावन साहू, बोदरी गुलाब चंदेल, पेण्ड्रा नवीन पटेल, गोरेला शैलेष शिवहरे, मुंगेली पवन गर्ग, लोरमी किशोर राय, जांजगीर नैला प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, चांपा अशोक चावलानी, अकलतरा ललित माखीजा, सक्ती जोगेश लाम्बा, दीपका राकेश तिवारी, कटघोरा हर्षिता पाण्डेय, बांकी मोंगरा दिनेश सिंह, खरसिया संयोगिता सिंह जूदेव को प्रभारी बनाया गया है। सरगुजा संभाग में बलरामपुर ओमप्रकाश सिन्हा, सूरजपुर अंबिकेश केसरी, जशपुर नगर निर्मल सिन्हा, पत्थलगांव राजकुमार अग्रवाल, मनेन्द्रगढ़ का रितेश गुप्ता को प्रभारी बनाया गया है। बस्तर संभाग में कोण्डागांव डॉ सुभाऊ कश्यप, नारायणपुर शालिनी राजपूत, कांकेर अभिषेक शुक्ला, किरन्दुल सत्यजीत सिंह चौहान, बड़े बचेली बैदुराम कश्यप, दंतेवाड़ा बृजमोहन अग्रवाल, बीजापुर लच्छू राम कश्यप, सुकमा का विद्याशरण तिवारी को प्रभारी बनाया गया है।*

## साव बोले-निकाय चुनाव में एससी एसटी का आरक्षण जनसंख्या के आधार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण के आरोप पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया को पता है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण की व्यवस्था जनसंख्या के आधार पर होती है और निकायों में जनसंख्या के आधार पर ही आरक्षण हुए हैं। कांग्रेस हमेशा भ्रम फैलाकर राजनीति करती आई है। लोगों के बीच बेबुनियाद बातें रखना कांग्रेस की आदत रही है। उन्होंने कहा कि आरक्षण की पूरी प्रक्रिया नियमानुसार हुई है और अनुसूचित जनजाति को शहर व गांव में जनसंख्या के आधार पर ही आरक्षण मिला है।

श्री साव ने कहा कि, मुंगेली स्थित सरगांव के पास एक फैक्ट्री में दुर्भाग्यजनक घटना हुई है। जिला प्रशासन तत्काल मौके पर पहुंचा है। राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। लगातार अधिकारियों के संपर्क पर हूं। श्रमिकों के साथ मेरी पूरी संवेदना है। हमारा पूरा ध्यान बचाव कार्य पर है। शहर में गौ मांस की बिक्री पर उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि, गौ मांस की बिक्री पर हमने कार्रवाई की है। इस पर हमारी सरकार गंभीर है। गौ तस्करी और गौ मांस बिक्री के खिलाफ हमने पूरी तैयारी की है। रायपुर में जो एक्शन लिया है ये उसी का नतीजा है। कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सरकार आगे भी कड़ी कार्रवाई करेगी।

**जल्द होगा खत्म, पटवारी संघ ने कहा- जारी रहेगा**

# पटवारियों के आंदोलन से ऑनलाइन काम ठप, राजस्व मंत्री बोले-चर्चा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के पटवारियों के ऑनलाइन काम के बहिष्कार का आंदोलन 23वें दिन भी जारी रहा, जिसके कारण राजस्व संबंधी ऑनलाइन काम पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इसके कारण भू-अभिलेखों में नामांतरण, बंदोबस्त अभिलेखों में सुधार, खसरा व धारा 114 के तहत भू-अभिलेख, नजूल भूमि हस्तांतरण, व्यपवर्तन, डिजिटल साइन, सीमांकन से लेकर प्रॉपर्टी नामांतरण के काम हो नहीं पा रहे हैं। न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई पर इस आंदोलन का असर देखा जा रहा है, जिसके कारण कलेक्टोरेट से लेकर तहसील न्यायालयों में पेशी की तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। इधर पटवारियों के आंदोलन को लेकर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि उनकी मांगों पर चर्चा जारी है। आंदोलन जल्द खत्म हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ पटवारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि चर्चा तो जारी है, लेकिन मांग के अनुसार शासन भत्ता देने को तैयार नहीं है, इसलिए आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक मांग मानी नहीं जाती।



### चर्चा जारी, जल्द खत्म होगा आंदोलन

पटवारी संघ की मांगों पर विचार किया जा रहा है। उनकी मांगों पर संघ के पदाधिकारियों से चर्चा की जा रही है। आगामी कुछ दिनों में आंदोलन खत्म हो जाएगा।

\- टंकराम वर्मा
मंत्री राजस्व विभाग

### ऑनलाइन काम के लिए संसाधन एवं भत्ता की मांग कर रहे पटवारी

छत्तीसगढ़ पटवारी संघ द्वारा शासन से ऑनलाइन काम करने के लिए कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल, इंटरनेट आदि संसाधन से लेकर भत्ता की मांग की जा रही है। संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि वर्तमान में ज्यादातर काम भुइंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा रहा है, लेकिन इसके लिए शासन द्वारा न ही कम्प्यूटर सिस्टम, मोबाइल व इंटरनेट आदि की सुविधा मुहैया कराई गई है और न ही किसी प्रकार का भत्ता दिया जा रहा है।

### एक हजार रुपए भत्ते पर नहीं बनी सहमति

भागवत कश्यप ने बताया कि संघ के पिछले कुछ दिनों से लगातार चर्चा चल रही है। इस चर्चा के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से ऑनलाइन काम के लिए संसाधन की सुविधा के एवज में प्रत्येक माह एक हजार रुपए भत्ता के रुप में राशि देने का प्रस्ताव रखा गया है जो बहुत कम है, क्योंकि इंटरनेट का बिल ही महीने में एक हजार रुपए आएगा।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता पासवान बोले- भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और संविधान गौरव अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरुप्रकाश पासवान ने कहा, संविधान को लेकर देश में एक तरफ श्रद्धा और संवेदनशीलता है तो दूसरी तरफ नकारात्मकता है। भाजपा के लिए संविधान सत्ता का साधन नहीं है, वह हमारी आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हम सबकी वैचारिक प्रतिबद्धता और आस्था का विषय है, यह किसी एक परिवार, एक व्यक्ति की ठेकेदारी नहीं हो सकती। श्री पासवान ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर संविधान को लेकर मनगढ़ंत कहानियां गढ़ने के लिए तीखी हमला बोला और कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर के प्रति कांग्रेस के दुर्व्यवहार की जिम्मेदारी किसकी है। डॉ. आंबेडकर संविधान समिति के अध्यक्ष थे। 1956 में उनके देहांत के चार दशक बाद तक उन्हें भारत रत्न क्यों नहीं दिया गया।



श्री पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में संविधान को लेकर नैसर्गिक संवेदनशीलता हमेशा रही है। श्री मोदी की सरकार ने 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया। श्री पासवान ने कहा, संविधान गौरव अभियान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पुण्यधरा पर संविधान के प्रति नव जागृति, संवेदनशीलता, संवाद और चर्चा का वातावरण बनेगा और कांग्रेस के फेक नैरेटिव और फैलाए जा रहे भ्रम को हम तोड़ेंगे। इस मौके पर संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक नारायण चंदेल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय व भाजपा नेत्री डॉ. किरण बघेल उपस्थित थे।

## ब्रिज पर डामरीकरण का काम बुधवार देर शाम को खत्म हुआ था

# मोवा ब्रिज पर घटिया डामरीकरण, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने किया निरीक्षण, दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज पर घटिया डामरीकरण निर्माण कार्य की अब जांच होगी। लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को ब्रिज पर हुए डामरीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डामरीकरण का कार्य गुणवत्ताहीन पाया, जिसके बाद उन्होंने इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं। मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण निर्माण का काम पूर्ण होने के कुछ घंटे बाद इस ब्रिज पर आवागमन शुरू होते ही रोड उखड़ने लगी थी। ब्रिज पर डामरीकरण का काम बुधवार देर शाम को खत्म हुआ था। इसके दूसरे दिन सुबह ब्रिज को आवागमन के लिए शुरू कर दिया गया था, लेकिन जैसे ही गाड़ियां यहां से गुजरने लगीं, रोड उखड़ना शुरू हो गई। देखते ही देखने रोड पर गिट्टी का अंबार लग गया, जिसके कारण डस्ट भी गाड़ियों के कारण उड़ने लगी। इधर रोड के उखड़ने की जानकारी मिलते ही लोक निर्माण विभाग में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत एजेंसी प्रमुख को रोड की सफाई कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद एजेंसी ने आनन-फानन में कर्मचारियों को लगाकर रोड की सफाई कराई और उखड़ी सड़क का मलबा को झाड़ू और मशीन के माध्यम से एक जगह एकत्र कर उसे बोरियों में भराकर दूसरी जगह डंप कराया। इधर इस घटिया डामरीकरण कार्य की जानकारी लोक निर्माण मंत्री तक पहुंची, जिसे संज्ञान में लेते हुए मंत्री ने मौके पर जाकर इस कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में निर्माण घटिया पाया गया, जिस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने तत्काल अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए।



### इन बिंदुओं पर होगी जांच

मोवा ब्रिज डामरीकरण निर्माण की जांच के लिए बिंदु तय किए गए हैं। इसमें डामरीकरण कार्य में खराबी क्यों आई। इसके लिए कौन-कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं। इसकी जांच मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जांच की रिपोर्ट 3 दिन के भीतर सौंपनी होगी।

# एडिट रजिस्ट्रेशन ने दिलाई बड़ी राहत, मॉपअप राउंड में चुन सकेंगे नया विषय और कालेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रवेश के लिए नया विषय और नया कालेज चुनने के लिए मेडिकल छात्रों को बड़ी राहत मिली है। दूसरे राउंड में प्रवेश से चूके छात्र मॉपअप में इसका उपयोग कर सकेंगे। एमडी-एमएस की खाली सीटों में प्रवेश के लिए परसेंटाइल में संशोधन के बाद पात्रों की श्रेणी में छात्र 13 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के निजी और शासकीय मिलाकर नौ मेडिकल कालेजों में पीजी विषयों में पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। दो राउंड की काउंसिलिंग के बाद प्रदेश में नॉन क्लीनिकल की काफी संख्या में सीटें खाली हैं। इन सीटों पर एडमिशन के लिए एमसीसी द्वारा परसेंटाइल भी कम किया जा चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार से मॉपअप राउंड के लिए पात्र उम्मीदवारों का आवेदन लिया जा रहा है। इसके साथ पुराने छात्रों को भी एडिट आप्शन की सुविधा दी गई है। काउंसिलिंग के दौरान दूसरे राउंड में यह सुविधा नहीं होने की वजह से भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने का दावा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन सहित अन्य संगठनों ने एडिट पंजीयन की सुविधा देने की मांग की थी। उन्होंने तर्क दिया था कि केवल नए पंजीयन के आधार पर सुविधा देना पूर्व पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए न्यायसंगत नहीं है। उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए मॉपअप राउंड में उन्हें एडिट पंजीयन की सुविधा भी प्रदान की गई है।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर के सामने से बाइक चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सड़क 58 सेक्टर 6 भिलाई निवासी है और वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 9 जनवरी को वह अपनी बाइक सीजी 07 एल बी 5375 से अपने चाचा वाई श्रीनिवास के घर सड़क 55 सेक्टर 6 गया हुआ था। रात को बाइक को चाचा के घर के सामने खड़ी किया था। दूसरे दिन सुबह देखा तो उसकी बाइक गायब मिली। आसपास खोजबीन करने के बाद बाइक नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया।

### बाइक की ठोकर से युवक घायल

**भिलाई।** सड़क किनारे खडे युवक को अज्ञात बाइक चालक ने ठोकर मारकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि संजय ठाकुर ऑटो चालक है। 30 नवंबर की शाम को वह महेन्द्रा वर्कशॉप खपरी मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से अज्ञात बाइक चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में संजय घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए शंकराचार्य अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली के साथ घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घड़ी चौंक बस डिपो सुपेला में युवक लोगो को नशीली दवाईया बेचने की फिरक में घूम रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम ग्राम कुसुमकसा दल्लीराजहरा जिला बालोद निवासी असरफ मिर्जा और पावर हाउस चटाई क्वाटर छावनी मिराजुददीन बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस स्पोर्टस बैग से 36 नग स्ट्रीप 24 कैप्सूल, बाइक सीजी 07 एलपी 6353 को जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। साथ में एक मोबाइल और दूसरे आरोपी के पास से 32 डब्बा प्रत्येक डब्बे मे 10 स्ट्रीप के 24 कैप्सूल 58 हजार 560 रुपए का मिला। बाइक सीजी 7 सीजे 3404 बरामद किया है। कार्रवाई में टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### बीएसपी में विश्व हिंदी दिवस समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा इस्पात भवन के मानव संसाधन सभागार में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी, संदीप माथुर और उत्पल दत्ता थे।

# भिलाई तीन का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतरा राष्ट्रीय मानकों में खरा

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र की टीम ने निरीक्षण कर दिया 90 फीसदी अंक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरा है। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र के दो क्वालिटी एसेसर द्वारा हाल में निरीक्षण के बाद दिए गए अंक से साबित हुआ है। निरीक्षण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 को 89.66 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि के बाद केंद्र व राज्य सरकार से स्वास्थ्य सुविधाओं के वस्तिार में पहले से अधिक राशि मिलेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 का 30 व 31 दिसम्बर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र के क्वालिटी एसेसर द्वारा निरीक्षण किया गया। इसके लिए राष्ट्रीय क्वालिटी एसेसर के रूप में उड़िसा से डॉ. प्रेमानंद त्रिपाठी और पश्चिम बंगाल पार्थो प्रीतम गुहा पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। इनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में वार्ड रुम,मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, ओपीडी, मरीजों से फीडबैक, चिकित्सको पैरामेडिकल कर्मियों का मरीजों से व्यवहार, दवाईयों का वितरण, गुणवत्ता व रखरखाव, प्रसव, लेबर रूम की व्यवस्था समेत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं का बारीकी से मुआयना किया। प्रक्रिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 को 89.66 अंक मिला है। जबकि इस राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मान्यता के लिए 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करना ही पर्याप्त था।



### सारी सुविधाओं वाला अस्पताल बना

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के प्रभारी डॉ. आदित्य नारायण शर्मा ने बताया कि अब यह केंद्र राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं वाला बन गया है। इस उपलब्धी में सीएमओ डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया, कंसल्टेंट जिला डॉ. रश्मि भोसले, प्रितिका पंवार, शोभिका गजपाल, नेहा, बीपीएम पूनम साहू, बीईटीओ सैय्यद असलम, एलएचव्ही आर विश्वास, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ अर्चना पांडेय, डॉ. अर्पिता शर्मा, डॉ नितिन कश्यप, जेडी मानिकपुरी समेत स्टाफ नर्स, फार्मासस्टि, लैब टैक्नीशियन, ड्रेसर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जीवन दीप समिति कर्मचारी मितानिन आयुर्वेद के कर्मचारियों क्षेत्रीय पार्षद प्रेमलता चंद्राकर का अहम योगदान रहा है।

## खपरी में तीन दिवसीय किसान सम्मेलन का शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ धान के साथ ही सब्जी और फलों का भी बनेगा कटोरा: शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

**प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण और प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन**





केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ आने वाले समय में धान के साथ-साथ सब्जी और फलों का भी कटोरा बनेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी और बागवानी फसलों को बढ़ावा दे रही है। केन्द्रीय मंत्री चौहान शुक्रवार को दुर्ग जिले के ग्राम खपरी में आयोजित तीन दिवसीय किसान सम्मेलन के शुभारंभ समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने इस अवसर पर प्रगतिशील किसान संघ द्वारा निर्मित भवन का लोकार्पण तथा प्रशिक्षण केन्द्र का भूमिपूजन किया गया। साथ ही 13 जनवरी से उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के लिए 200 क्विंटल सब्जी से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर किसानों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों को समृद्ध बनाने तथा उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन एवं अनुदान हेतु 203 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं। उन्होंने किसानों से अरहर, मूंग, उड़द फसलों के उत्पादन करने और प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए 18 लाख आवास स्वीकृत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के वायदे को पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों से 3100 रूपए के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। पिछले वर्ष 145 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई थी, इस वर्ष 160 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का अनुमान है।

किसान सम्मेलन को छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान काफी मेहनती है और नई-नई कृषि तकनीकों को अपनाकर सशक्त और समृद्ध हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को फसलों की अच्छा कीमत दिलाने तथा उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# भिलाई-चरोदा में पीएम आवास का पहला मकान कुंदिया को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में पीएम आवास योजना के तहत उम्दा भिलाई तीन निवासी कुंदिया बाई ठाकुर को अपने घर का सपना पूरा हो गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से महिला ने अपना खुद का मकान लिया। अपने घर का सपना साकार होने की खुशी को बयान करते हुये कुंदिया ने बताया कि कच्चे मकान में परिवार के साथ रहती थी। भारत सरकार और राज्य शासन की अति कल्याणकारी योजना पीएम आवास से उन्हे पक्के मकान में जीवन यापन करने का अवसर प्रदान किया है। मजदूरी का कार्य करने वाली कुंदिया बाई ने अपने स्थानीय निगम प्रशासन से संपर्क कर आवेदन किया। जिसके बाद इनका पक्का मकान बनकर तैयार हुआ। निगम आयुक्त डी.एस.राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कहा कि योजना ने ना जाने कितने ही कच्चे मकान, मिट्टी के घरों में रहने वाले लोगों के सिर पर छत देने का काम किया है। निश्चित ही प्रधानमंत्री आवास योजना के परिणाम से लोगों के जीवन में बदलाव देखा जा सकता है।

- आयुक्त ने किया वार्डो का दौरा

### सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

नगर निगम भिलाई चरोदा क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसे लेकर नगर निगम भिलाई 3 चरोदा में आयुक्त डीएस राजपूत द्वारा वार्डो में औचक पहुंचकर एकता नगर भिलाई 3, चरोदा बस्ती मे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्य झाड़ू लगाकार बिखरे कचरे को समेटने और आवासीय, व्यावसायिक इलाको में निस्तारी के लिए बनाई गई नालियो की सफ़ाई जीवीपी पॉइंट की सफाई कार्य के लिए आयुक्त को स्वच्छता निरीक्षक ने अवगत कराया। निगम आयुक्त विभिन्न वार्डो में सफाई अभियान का निरीक्षण कर लोगो से चर्चा भी किया। सफाई कार्य में सहयोग और लोगों से सुझाव भी मांगे।

# परपोड़ी नपं अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के दावेदार टटोल रहे सबकी नब्ज

**नगर पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त होने से सामान्य वर्ग में हर्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परपोड़ी


नगरी निकाय चुनाव में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है । नगर पंचायत परपोड़ी अनारक्षित मुक्त है । कांग्रेस नेताओं ने जनता का नब्ज टटोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेसी नेता जनसंपर्क से भी लोगों की राय ले रहे है। नगरपंचायत परपोड़ी में कांग्रेस के कई दावेदार हैं, जो अपने- अपने तरीके से सबकी नब्ज टटोल रहे हैं। चुनाव लड़ने के लिए तैयार नेता अपने सीनियर्स के समक्ष अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत कर रहे। कांग्रेस से विजय दुबे, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष केशव साहू, कृष्णा गुड्डू जायसवाल, स्व. दिलीप जैन के परिवार से संभावित प्रत्याशी के रूप में है। दो बार के पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति परपोड़ी विजय दुबे उनमें प्रशासनिक दक्षता है । वे पूर्व में साजा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रहे हैं । वर्तमान में जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के जिला महामंत्री है । इस लिहाज से कांग्रेस के संगठन में भी अच्छी खासी पकड़ रखते है । वर्तमान में नगर पंचायत परपोड़ी के वार्ड 9 से पार्षद हैं। वर्तमान में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष केशव साहू भी कांग्रेस से दावेदार है । वे दो बार के उपाध्यक्ष है। कांग्रेस से वर्तमान अध्यक्ष रिंकी जायसवाल के पति पूर्व एल्डरमैन कृष्णा गुड्डू जायसवाल ने कहा कि अनारक्षित मुक्त वर्ग में अध्यक्ष पद का आवंटन बहुत कम आता है। वर्तमान में आया है तो पहली दावेदार सामान्य वर्ग से होनी चाहिए। किसी कारणवश पार्टी का आदेश होगा तो देखेंगे। स्व.दिलीप कांग्रेस के काफी वरिष्ठ नेता रहे हैं। वे क्षेत्र में कांग्रेस का पर्याय रहे हैं। लिहाजा स्व. दिलीप जैन के परिवार का मन भी दावेदारों के रूप में टटोला जाएगा। कांग्रेस नेताओं के दावे व मुद्दे अलग अलग हैं। लेकिन साजा विधानसभा में कांग्रेस की रणनीति पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ही तय करेंगे ।आगामी दिनों चुनावी समर काफी दिलचस्प होगा।



चुनाव लड़ने को तैयार नेता सीनियर्स के समक्ष भी प्रस्तुत कर रहे अपनी दावेदारी

## नारायण सिंह दहिया बने दीनबंधु चौ. छोटूराम धाम के प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



जाट समाज और दीनबंधु चौधरी छोटूराम धाम के वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी नारायण सिंह दहिया को दीनबंधु चौधरी छोटूराम धाम का छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। । उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट प्रताप सिंह दहिया और एडवोकेट रणधीर सिंह की अनुमति से की गई है। उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार करने की जिम्मेदारी दी गई । किडौली सोनीपत के नारायण सिंह दहिया नौनंद सिंह के पुत्र है और बुधेली बेमेतरा से जुड़े हैं। समाजसेवी नारायण सिंह दहिया ने जाट समाज की युवा पीढ़ी के लिए बेहतरीन काम करने वाले छोटूराम धाम की विशेषताओं से प्रभावित होकर इस धाम से जुड़ने की इच्छा जताई और धाम के कमरा निर्माण लिए 4,01,000/- रुपये का सहयोग दिया है। जाट समाज ने श्री दहिया के इस सहयोग और उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सरोकार की परंपरा को समृद्ध करने का विश्वास जताया है।






## खबर संक्षेप

### स्वछता के प्रति लोगों को किया जा रहा जागरुक

**परपोड़ी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास से निकाय में महिला स्व सहायता समूह और स्वच्छता से जुड़े महिलाओं द्वारा समय-समय निकाय के जनप्रतिधियों और वार्डवासियों के साथ मिलकर स्वछता के लिए लोगों को सूखा व गिला कचरा अलग -अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है और साथ ही निकाय को साफ सुथरा बनाये रखने कचरा बाहर न फेंकने के लिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। मुख्यमंत्री व नगरी प्रशासन मंत्री के नेतृत्व में चल रही दोनों महत्वकांक्षी योजनाओं से निकाय स्वच्छ और वार्डवासियों को स्वास्थ्य एवं समृद्ध बनाए जाने की राह में ये अतुलनीय पहल है। स्वच्छ भारत अभियान तहत डोर टू डोरा कलेक्शन और सेग्रीगेशन कर वार्डो को लगातार स्वच्छ किया जा रहा साथ ही नगर में वार्डो में सुख एवं गिला कचरा अलग अलग देने के लिए नीला एवं हर डब्बा भी घर घर जा कर बाटा जा रहा है, साथ ही महिलाएं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से स्व सहायता समूह में जुड़े महिलाएं समूह में कुछ आर्थिक गतिविधि जैसे बर्तन और झोला बैंक जैसे कार्य को करके अपने आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रही और समृद्धि की दिशा की ओर आगे बढ़ रही है। केंद्र और राज्य शासन की इन महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ निकाय की महिलाए बढ़ -चढ़कर ले रही और इससे लाभ लेकर वो प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त कर रही।

### प्राचार्य एवं विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रभारी अटल टिकरिंग लैब प्राचार्य श्रीमती रेणुका चन्द्राकार एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है। ज्ञात हो कि विगत 9 जनवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय अटल टिंकरिंग मॉडल प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा के प्राचार्य श्रीमती सीमा जाम्बुलकर की प्रेरणा से यंग इनोवेटर्स नवीन देशमुख 12, दीपांशु चंद्राकर 12, रेमन देशमुख 11 द्वारा निर्मित प्रोटोटाइप आक्टोपेड, म्यूजिकल इन्सट्रूमेंट को द्वितीय प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में सोमेश साहू 11, हेमेश देशमुख 11 द्वारा निर्मित प्रोटोटाइप स्मार्ट ब्रेल लिपि व ओमप्रकाश साहू 11, वाणी चंद्राकर 11, कशीश जोशी 11 द्वारा निर्मित स्मार्ट व्हीलचेयर ने सफलतापूर्वक अपना प्रदर्शन किया है। अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी श्रीमती रेणुका चंद्राकर को माडल शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है।

### नवोदय परीक्षाः बच्चों के लिए विशेष कार्यशाला 13 को

**सेलूद।** आगामी नवोदय परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होना है जिसके लिए जन्मभूमि कर्मचारी सेवा समिति सेलूद द्वारा 13 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक सेलूद में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक सुनील छेदैया, अनकेश्वर महिपाल व मिलिद चंद्रा शिक्षकों के द्वारा नवोदय परीक्षा में आने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए विशेष ट्रिक की जानकारी दी जाएगी। इस विशेष कार्यशाला में सभी नवोदय परीक्षार्थी बच्चे जो इच्छुक हो शासकीय व निजी स्कूल के शामिल हो सकते हैं। समिति द्वारा जन्मभूमि कार्यालय में 1 जनवरी से नवोदय प्रवेश परीक्षा वाले बच्चों को नियमित रूप से निःशुल्क कोंचिग भी दिया जा रहा है। समिति ने शामिल होने वाले बच्चों को अपने साथ नवोदय प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र की एक फोटो कापी लेकर आने कहा गया है।

### पुलगांव में लोक महोत्सव का आगाज

**अंडा।** पुलगांव में प्रति वर्ष की तरह इस साल भी नवयुग दुर्गा समिति एवं वार्डवासी के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का 11 जनवरी से आयोजन होने जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बतलाया कि चार दिवसीय होने वाले लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ के संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है।

# संविधान जागरुकता दिवस पर हुआ कस्तूरबा विद्यालय में विशेष कार्यक्रम

## विद्यार्थियों ने नाटक व भाषण, गीत प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय संविधान को लागू हुए 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बेमेतरा में संविधान जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला प्रकोष्ठ हेड कांस्टेबल वर्षा चौबे और डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू थे। विद्यालय की अधीक्षिका भारती धृतलहरे ने मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ से हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर बालिकाओं ने संविधान जागरुकता से संबंधित नाटक व भाषण, गीत प्रस्तुत किए। विद्यालय की शाला नायिका चांदनी ने प्रभावशाली भाषण देकर संविधान के महत्व को उजागर किया। डाइट बेमेतरा के वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू ने संविधान के निर्माण और इसे लागू करने में डॉ भीमराव अंबेडकर और उनके सहयोगियों के भूमिका व योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान, दुनियां का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इसे 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अपनाया था और यह 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था. भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों और उनके महत्व को समझाते हुए इसे जीवन में लागू करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, संविधान के बिना हम कई समस्याओं का सामना कर सकते थे। यह हमारी स्वतंत्रता और अधिकारों का मूल आधार है

### विपरीत परिस्थिति का सामना करने के बारे में बताया

हेड कांस्टेबल वर्षा चौबे ने छात्राओं को नो, गो, टेल की अवधारणा समझाते हुए बताया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति का कैसे सामना किया जाए। उन्होंने बालिकाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर जागरूक किया और आत्मरक्षा के उपाय बताए। उन्होंने यह भी कहा, संविधान का ज्ञान तभी सार्थक है जब हम इसे अपने जीवन में अमल करें। कानून की जानकारी और उसका सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। वर्षा चौबे ने छात्राओं को अपना मोबाइल नंबर देकर यह विश्वास दिलाया कि किसी भी समस्या के समय वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में सहायक अधीक्षिका ममता गुरुपंच, राज किरण मिश्रा, शिखा चौबे, ज्योति चंद्राकर, गायत्री साहू, विजयलक्ष्मी परगनिहा, सावित्री यादव, दीप्ति नवरंगे और होमगार्ड अंजू उपस्थित रहे।

**आयोजन :** पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# योग से दिमाग, मष्तिस्क को ताकत मिलने के साथ ही आत्मा भी होती जाती है शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पांच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जिले के पांच शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। जिसमें भरत लाल साहू शि क्ष क शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पिकरी, एलाराम देवांगन व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरडुवा, दीपक कुमार यादव शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापपुर, रंजिता वर्मा शिक्षिका शासकीय प्राथमिक शाला तिवरैया, नीलिमा साहू शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बावमोहतरा शामिल है।

■ जिले के पांच शिक्षक-शिक्षिकाओं की रही सहभागिता

योगाचार्य और शिक्षक भरत लाल साहू ने बताया कि इस प्रशिक्षण में योग का अर्थ, परिभाषा, संक्षिप्त परिचय, योगासन हेतु सावधानियां, योग शिक्षकों हेतु सामान्य निर्देश, योग को विद्यालय में प्रभावी बनाने के उपाय, विद्यार्थी जीवन में योग और खेलों का महत्व बताया गया। रंजीता वर्मा ने बताया कि योग में षट्कर्म, अष्टांग योग, प्राणायाम, योग मुद्राएं के बारे में बताया गया। बंध स्थूल एवं सूक्ष्म व्यायाम में अंतर, योग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, योग एवं तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य के विकास में योग की भूमिका, सूर्य नमस्कार एवं महत्व को बताया गया। शिक्षिका नीलिमा साहू ने बताया कि योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मसतिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। व्याख्याता एलाराम देवांगन ने बताया कि योग से छात्रों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए बहुत सारे लाभ हैं। नियमित योग अभ्यास से व्यक्तियों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। जब छात्र योग करते हैं, तो वे अधिक खुश, स्वस्थ रहते हैं तथा स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी हुई प्रस्तुति

शिक्षक दीपक कुमार यादव ने बताया कि योग प्रशिक्षण का महत्व, नैतिक परक शिक्षा का विद्यार्थी जीवन में महत्व, मदपान नशीले पदार्थों से बचाव का उपाय, रोग प्रतिरोधक शक्ति का विकास हेतु उपयोगी योगासन, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का महत्व, तथा प्रशिक्षणार्थी द्वारा मनमोहक, संभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात के सामान्य नियम, अनुभव कथन, के साथ समापन किया गया। साथ प्रातः 4 बजे से प्रातः 8 बजे तक नियमित रूप से योगाचार्यो द्वारा नियमित योगा अभ्यास कराया जाता था।

# सीएमओ ने साफ-सफाई का निरीक्षण कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

स्वच्छ शहर, स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शहरों को स्वच्छ रखने के क्रम में नगर पंचायत देवकर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी केशराम साहू एवं निकाय के अन्य कर्मचारियों द्वारा लगातार प्रतिदिन नगर की सड़कों, चौक चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों आदि स्थानों के साफ सफाई का निरीक्षण कर उचित निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने हेतु निकाय को प्राप्त प्रत्यक्ष शिकायतों एवं मूलभूत सुविधाओं के शिकायत एवं निवारण हेतु जारी टोल फ्री नंबर निदान 1100 के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का का त्वरित निराकरण किया जाता है। निकाय के मुख्यनगरपालिका अधिकारी द्वारा प्रतिदिन प्रातःकालीन निरीक्षण में शासन के समस्त योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने नगर के आम नागरिकों को जानकारी देते हुए समस्त प्रकार के समस्याओं के यथासंभव त्वरित निराकरण करने का आश्वासन देते हुए मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल आपूर्ति ,विद्युत आदि के संबंध में संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही शासन द्वारा निकाय को 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि 88.81 लाख रुपए तथा अधोसंरचना मद अंतर्गत राशि 132.99 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का प्रतिदिन निरीक्षण कर संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। ताकि शासन द्वारा तय किए गए विकास के लक्ष्यों की समुचित पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

# लेफ्टिनेंट राहुल ने छात्र छात्राओं का किया मार्गदर्शन

## लक्ष्य निर्धारित कर सतत प्रयास करने से मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

प्रतिभा प्रत्येक विद्यार्थी में होती है, आवश्यकता होती है उचित मार्गदर्शन की। एकाग्रता और ईमानदारी से हम तैयारी करें तो कोई भी इम्तिहान कठिन नहीं है। लक्ष्य निर्धारित कर सतत प्रयास करने वालों के सफलता कदम चूमती है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों का कैरियर मार्गदर्शन करते हुये लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा ने कहा कि स्वर्णिम समय बार - बार नहीं आता अवसर का लाभ लें अपनी उत्कृष्ट सफलत से माता - पिता, गुरूजनों को गर्व का अनुभव कराएं। राहुल ने कहा कि जिंदगी में सफल इंसान बनना है तो बहाने न बनायें। बहाना बनाना व्यक्ति की बहुत बड़ी कमजोरी होती है। सफलता के लिये दिन - रात पढ़ने की जरूरत नहीं है पढ़ने के चार - पांच घण्टे ही तयकर ईमानदारी और लगन से उस निर्धारित समय में पढ़ाई करें। राहुल ने ट्रिपल आई टी, आई आई टी, यूपीएससी, नीट, टीईटी आदि अनेक महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर बताये। कॉलेज चयन, प्राध्यापक चयन, कोचिंग इंस्टीट्यूट चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

राहुल वर्मा ने कहा कि उन दिनों में श्रेष्ठ परिणाम हासिल किया जब इंटरनेट, वाट्सअप, इंस्टाग्राम की सुविधा नहीं थी जबकि अब तो सारी अच्छी सुविधायें उपलब्ध है। विद्यार्थियों के मन से अंग्रेजी का डर दूर करते हुये कहा कि एक छोटे से ग्राम का ग्रामीण परिवेश में रहकर शासकीय स्कूल में पढ़कर इस मुकाम तक पहुँचा हूं आपके पास तो सभी संसाधन हैं। लेफ्टिनेंट ने कहा पहले स्वयं प्रगति की मुख्यधारा में चले तब हम दूसरों के लिये आदर्श बन सकते हैं।



### भ्रांतियों को दूर कर सफलता के मंत्र बताए

राहुल ने छात्र- छात्राओं की अनेक भ्रांतियों को दूर कर अच्छी सफलता के मंत्र बताये जिससे विद्यार्थी बहुत खुश हुये। प्रारंभ में दीप प्रज्जवलित कर तथा माँ सरस्वती, माँ भारती, ओम के छायाचित्रों की पूजा की गयी। किशोर भारती अध्यक्ष निखिल वर्मा ने तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। सह व्यवस्थापक पुरूषोत्तम अग्रवाल ने अतिथि परिचय दिया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिंघानिया, उपाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, शिव केडिया, प्राचार्य लखन लाल साहू, प्रदीप साहू तथा आचार्यगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नगर पंचायत भिंभौरी में स्वच्छता का परचम लहराएगा : सीएमओ द्विवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

नगर पंचायत भिंभौरी में स्वच्छता का परचम लहराने का श्रेय वर्तमान मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी को जाता है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से नगर में सफाई व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिला है। श्री द्विवेदी के नेतृत्व और समर्पण ने भिंभौरी नगर सफाई अभियान को एक नई दिशा दी है। भिंभौरी में सुबह 6 बजे से 1 बजे तक चलाए जा रहे सफाई अभियानों ने नगर के प्रमुख स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बना बनाया जा रहा है। विशेष कर नगर पंचायत कार्यालय भवन, अटल चौक , बाजार चौक, तालाब पार जैसे नगर के विभिन्न स्थलों में अब नियमित सफाई की वजह से चमकने लगे हैं। सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी खुद सफाई अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल होकर न केवल कर्मचारियों को प्रेरित करते हैं, बल्कि जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश भी देते हैं। उनके प्रयासों से भिंभौरी नगर का कायाकल्प हो रहा है।

भिंभौरी नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 से 15 तक के वार्ड आम जनता नागरिक यदि अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएं, तो यह नगर स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बन सकता है। आम जनता नागरिकों की योगदान इस अभियान को और अधिक प्रभावी बना सकता है।

सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी का प्रेरणादायक नेतृत्व न केवल स्वच्छता अभियानों तक सीमित है, बल्कि उनके प्रयासों ने पूरे नगर को बेहतर बनाने का बीड़ा उठाया है। उनका काम करने का तरीका, कर्मचारियों और नागरिकों को साथ लेकर चलने की नीति, और उनकी दिनचर्या में स्वच्छता को प्राथमिकता देना सराहनीय है।सीएमओ ने भिंभौरी नगर में सफाई अभियान चला कर जनता के दिल में जगह बना ली भिंभौरी नगर पंचायत के सफाई अभियानों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि नेतृत्व प्रभावशाली हो और टीम समर्पित भाव से काम करे, तो किसी भी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी ने भिंभौरी को स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है। अगर वार्ड वासी नगरवासी भी इसी ऊर्जा के साथ सहयोग करें, भिंभौरी नगर स्वच्छता के मामले में पूरे प्रदेश के लिए एक मिसाल बन सकता है।

नगर वासियों को चाहिए कि वे इस बदलाव को बनाए रखने के लिए नगर पंचायत का साथ दें और स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।



**कंतेली में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान**

# हरिनामरूपी धन के महाधनी थे सुदामा : पंडित पोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कंतेली में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. पोषण तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का प्रभावशाली वर्णन किया। कथा के दौरान पं. तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह के रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए, उनके अनन्य मित्र सुदामा के चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण किया। पं. तिवारी ने सुदामा की ज्ञान, भक्ति और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट आस्था का उल्लेख करते हुए उनके जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। इस यज्ञ में परायणकर्ता पं. शुभम दुबे हैं। इस पवित्र आयोजन को सफल बनाने में साहू परिवार के बाबूराम साहू-भुरी बाई, दिनेश साहू- दामिनी बाई, टोमन साहू- चम्पा बाई, भुजेन्द्र साहू- लक्ष्मी बाई, अर्जुन साहू- ओमिन बाई का विशेष योगदान रहा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण हेतु विनम्र आग्रह किया। कथास्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्रीकृष्ण की कथा का रसपान करते हुए श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। कथा का यह आयोजन न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बना।



भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का प्रभावशाली वर्णन

